इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

**Code No. 69/MAY/4**
**कोड नं॰**
**Set / सेट** A

# हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination ..........................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................

---

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) एवं (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
5. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं॰ 69/MAY/4, सेट A लिखें।

# हिन्दी
# (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए *1* अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें *3* अंक के **दो** प्रश्न, *7* अंक के **दो** प्रश्न तथा *10* अंक का **एक** प्रश्न है। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघूत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *4* अंक के **दो** तथा लघूत्तरीय प्रश्न–2 के अन्तर्गत *5* अंक के **दो** प्रश्न हैं। दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *6* अंक के **चार** तथा दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–2 के अंतर्गत *8* अंक का **एक** प्रश्न है। इनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

दिए गए पाठ्यक्रम पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : 1×20=20

**1.** 'भरत का भ्रातृप्रेम' प्रसंग के आधार पर लिखिए कि राम को सम्मुख देख भरत की आँखें भर गईं

(A) करुणा से (B) प्रेम के आँसुओं से

(C) दर्द के कारण (D) पश्चात्ताप के आँसुओं से

**2.** 'भरत का भ्रातृप्रेम' से उद्धृत पंक्ति 'कबहूँ न कीन्ह मोर मन भंगू' के आधार पर लिखिए कि किसने किसका मन **नहीं** दुखाया?

(A) भरत ने राम का (B) राम ने भरत का

(C) कैकयी ने राम का (D) कैकयी ने भरत का

**3.** निम्नलिखित में से किस पंक्ति में रूपक अलंकार है?

(A) सुनि मुनि वचन राम रुख पाई

(B) मातु मंदि मैं साधु सुचाली

(C) मोर अभाग उदधि अवगाहू

(D) जारिऊँ जायँ जननि कहि काकू

**4.** मीरा के पद के आधार पर लिखिए कि श्रीकृष्ण को मोल लेने के लिए मीरा ने कौन-सी कीमत **नहीं** चुकाई?

(A) लोक अपवाद

(B) सगे-संबंधियों की भर्त्सना

(C) धन-संपत्ति

(D) पारिवारिक लांछन

**5.** पद्माकर रचित पद में किस रस की प्रधानता है?

(A) वात्सल्य

(B) श्रृंगार

(C) वीर

(D) भयानक

**6.** 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कविता के संदर्भ में निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए :

कथन : सुख के बीते पलों के साथ दुख के वर्तमान दिनों को जोड़ देने से मन व्यथित हो जाता है।

कारण : व्यक्ति को ऐसा लगता है कि जो खुशी के पल बीत चुके हैं वे दोबारा वापस नहीं आ सकते।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कारण सही है लेकिन कथन गलत है।

(C) कथन सही है लेकिन कारण कथन की गलत व्याख्या है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**7.** कॉलम (1) को कॉलम (2) से सुमेलित कीजिए और उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

| | कॉलम (1) | | कॉलम (2) |
|---|---|---|---|
| (i) | मशाल | (1) | दमनकारी सत्ता |
| (ii) | भेड़िये | (2) | आम-आदमी |
| (iii) | तुम | (3) | सामूहिक चेतना |

**विकल्प :**

(A) (i)–(3), (ii)–(1), (iii)–(2)

(B) (i)–(1), (ii)–(3), (iii)–(2)

(C) (i)–(2), (ii)–(1), (iii)–(3)

(D) (i)–(3), (ii)–(2), (iii)–(1)

**8.** 'संयुक्त परिवार' कविता का कवि अतिथि के घर से बिना मिले ही लौट जाने से परेशान क्यों है?

(A) कवि मेल-मिलाप में विश्वास रखता है
(B) अतिथि उसका परिचित था
(C) आगंतुक के आने का कारण वह नहीं जान सका
(D) आगंतुक की आवभगत से वह वंचित रह गया

**9.** सुभद्राकुमारी चौहान के अनुसार स्त्री और पुरुष के व्यक्तित्व को अलग-अलग मानने का आधार है

(A) दोनों की शारीरिक संरचना
(B) दोनों का बाहरी परिवेश
(C) दोनों की स्वतंत्र इच्छा-शक्ति
(D) दोनों के भीतर स्वतंत्र आत्मा

**10.** सुभद्राकुमारी चौहान पाठ के आधार पर नारी वीरत्व धर्म किसलिए अपनाती है?

(A) सृष्टि के कल्याण के लिए
(B) अहंकार की पूर्ति के लिए
(C) राग-द्वेष की पूर्ति के लिए
(D) निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए

**11.** सुभद्राकुमारी चौहान विपरीत परिस्थितियों में भी घर और बाहर के बीच संतुलन कैसे स्थापित कर पाईं?

(A) पारिवारिक सहयोग से
(B) सुदृढ़ आर्थिक स्थिति के कारण
(C) परिस्थितियों से समझौता करके
(D) दृढ़-निश्चय और मानसिक धैर्य से

**12.** 'कुटज' पाठ के अनुसार अबोध कौन है?

(A) दूसरे का उपकार करने वाला
(B) दूसरे का अपकार करने वाला
(C) सांसारिक ज्ञान को नहीं समझने वाला
(D) मानसिक बल कम रखने वाला

**13.** 'कुटज' की तुलना राजा जनक से क्यों की गई है?

(A) मन पर नियंत्रण रखने के कारण
(B) फूलों से लदा रहने के कारण
(C) दूसरों के हृदय-परिवर्तन करने की कला के कारण
(D) शुष्क वातावरण में भी हरा-भरा रहने के कारण

**14.** 'कुटज' पाठ के अनुसार सुख और दुख क्या हैं?

(A) नदी के दो किनारे
(B) मन के विकल्प
(C) जीवन के दो पहर
(D) सुबह और शाम

**15.** 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के अनुसार, साहित्यिक वयोवृद्ध मोटा चश्मा लगाकर क्या करते थे?

(A) किताबें पढ़ते थे
(B) चाँद को देखते थे
(C) नई पीढ़ी को ताकते थे
(D) सड़क पर चलते थे

**16.** 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में तरुणों ने वयोवृद्धों के लिए 'अर्थ' का क्या प्रबंध किया?

(A) उन्हें अंशकालिक काम दिलवा दिया
(B) उन्हें मंदिर में काम दिलवा दिया
(C) उन्हें रॉयल्टी दिलवाने का प्रबंध कर दिया
(D) उन्हें देवता बनाकर मंदिर में बैठा दिया

**17.** 'चीफ़ की दावत' कहानी के आधार पर माँ चीफ के लिए फुलकारी बनाने के लिए तैयार हो जाती है, क्योंकि

(A) इससे बेटे की तरक्की होगी
(B) वह इस कला में कुशल थी
(C) वह बेटे से भयभीत रहती थी
(D) वह अपनी कला का प्रदर्शन चाहती थी

**18.** 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के पात्र गोपाल प्रसाद के व्यक्तित्व के विषय में निम्नलिखित में से क्या **असत्य** है?

(A) वे महिलाओं की उच्च शिक्षा के विरोधी थे
(B) वे वैवाहिक संबंध को व्यापार मानते थे
(C) वे पुरुषवादी मानसिकता के शिकार थे
(D) वे बच्चों की स्वतंत्रता के पक्षधर थे

**19.** अच्छे पत्र का गुण **नहीं** है

(A) सरलता
(B) संक्षिप्तता
(C) सहजता
(D) जटिलता

**20.** ''मैं यूनिवर्सिटी कैम्पस में खड़ा हूँ।'' वाक्य बोलचाल की हिन्दी भाषा के किस प्रयुक्ति-क्षेत्र के अंतर्गत आता है?

(A) बंबइया हिन्दी
(B) दिल्ली की हिन्दी
(C) हैदराबाद की हिन्दी
(D) ऐंग्लो हिन्दी

**21.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में दीजिए : 1×3=3

(क) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में समाज की किस समस्या को प्रस्तुत किया गया है?

(ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि पुरानी पीढ़ी के द्वारा युवा पीढ़ी को अधिकार न सौंपने से समाज को क्या नुकसान होता है?

(ग) 'चीफ़ की दावत' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

**22.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही/गलत में दीजिए : 1×3=3

(क) भाषा का विकास सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नहीं होता है।

(ख) किसी भी पत्र का कच्चा रूप तैयार करना प्रारूपण कहलाता है।

(ग) हिन्दी के प्रथम समाचार-पत्र का नाम 'उदंत मार्तंड' है।

**23.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 1×7=7

वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा सँभालो,
चट्टानों की छाती से दूध निकालो।
है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,
पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।

चढ़ तुंग शैल-शिखरों पर सोम पियो रे!
योगियों नहीं, विजयी के सदृश जियो रे!

(क) 'बाँहों की विभा' से तात्पर्य नहीं है

(A) भुजाओं की शक्ति
(B) भुजाओं का सौंदर्य
(C) भुजाओं का बल
(D) भुजाओं का सौष्ठव

(ख) 'चट्टानों की छाती से दूध निकालो' का आशय है

(A) पत्थरों से पानी निकालना
(B) पहाड़ों से नदी निकालना
(C) पहाड़ों पर पताका फहराना
(D) विपरीत परिस्थितियों में विजय पाना

(ग) काव्यांश में प्रयुक्त 'तुंग' शब्द का अर्थ है

(A) ऊँचा
(B) ऊबड़-खाबड़
(C) संकरा
(D) सपाट

(घ) 'सोम' शब्द का पर्यायवाची **नहीं** है

(A) अमृत
(B) सुधा
(C) गरल
(D) पीयूष

(ङ) काव्यांश के माध्यम से देशवासियों में कौन-सा भाव जाग्रत् किया गया है?

(A) वीरता
(B) वैराग्य
(C) कायरता
(D) आलस्य

(च) 'है रुकी जहाँ भी धार' प्रतीकार्थ है

(A) पानी की धारा का
(B) मार्ग की बाधाओं का
(C) विचारों की गंगाओं का
(D) मार्ग की शिलाओं का

(छ) 'चंद्रमाओं से पीयूष प्राप्त करने' से अभिप्राय है

(A) अमृत प्राप्त करना
(B) रोशनी प्राप्त करना
(C) चंद्रमा का रहस्य जानना
(D) लक्ष्य पा लेना

**24.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

इन सींखचों में जहाँ से कोई निकल सकता और कोई प्रवेश नहीं कर सकता। एक पतली-सी सूरज की किरण को छोड़कर जो संसार को सुखभरी नींद से जगाती है; लोग-बाग अँगड़ाइयाँ लेते, ओठों पर मुस्कान लिए उठते हैं, किरण जो औरों के लिए आशा का संदेश लिए आती है। इन अभागों के लिए जो यहाँ अंडमान में काला पानी भोग रहे थे, सुबह कभी कोई आशा का संदेश नहीं लाई और शाम आई तो वह भी डरती-डरती उनको कोठरियों की दहलीज पर एक स्वप्न मात्र रख गई—आज़ादी का स्वप्न, जिसे उन्होंने बरसों देखा, सँजोकर रखा। आखिर इस स्वप्न के लिए ही तो उन्होंने सजाएँ भोगी थीं। उनका जुर्म, अपराध क्या था? उन्होंने स्वप्न देखा था। और वे उसे असलियत में परिणत करना चाहते थे?

(क) गद्यांश के लेखक हैं

(A) श्रीकांत वर्मा
(B) रामकुमार वर्मा
(C) महादेवी वर्मा
(D) भीष्म साहनी

(ख) गद्यांश के पाठ का नाम है

(A) सुभद्राकुमारी चौहान
(B) जिजीविषा की विजय
(C) कुटज
(D) अंडमान डायरी

(ग) ''इन सींखचों में जहाँ से कोई नहीं निकल सकता।'' कथन में 'जहाँ' शब्द प्रयुक्त हुआ है

(A) अंडमान द्वीपसमूहों के लिए
(B) जेल के फाँसीघरों के लिए
(C) जेल की तंग काल-कोठरियों के लिए
(D) अंग्रेजों की कैद के लिए

(घ) सुबह की पहली किरण आम आदमियों के लिए कौन-सा संदेश लेकर **नहीं** आती?

(A) आशा का
(B) निराशा का
(C) सुख का
(D) खुशहाली का

(ङ) गद्यांश में प्रयुक्त 'परिणत' शब्द का अर्थ है

(A) बदलना (B) भोगना

(C) सहना (D) रहना

(च) सेनानियों ने किसलिए यातनाएँ सहीं?

(A) स्वतंत्र हवा में साँस लेने के लिए (B) अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट होने के लिए

(C) सुख-सुविधा प्राप्त करने के लिए (D) अंग्रेजों का साथ न देने के लिए

(छ) गद्यांश में प्रयुक्त 'दहलीज' का शब्दार्थ **नहीं** है

(A) ड्योढ़ी (B) चौखट

(C) देहरी (D) मर्यादा

**25.** निम्नलिखित व्याकरण-संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10=10

(क) विलोम शब्द लिखिए :

सुखांत; अमानुषिक।

(ख) उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए :

दुर्दशा; अस्मिता।

(ग) निम्नलिखित वाक्य में विराम-चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखिए :

युधिष्ठिर ने नकुल से कहा तुम जल ढूँढ़कर ले आओ

(घ) निम्नलिखित वाक्यों को जोड़कर एक सरल वाक्य बनाइए :

*(i)* पाँचों भाई वन में भ्रमण कर रहे थे।

*(ii)* उन्हें प्यास सताने लगी।

(ङ) निम्नलिखित वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए :

नकुल ने उस बगुले की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया।

(च) निम्नलिखित का शुद्ध रूप (वर्तनी) लिखिए :

संसारिक; उज्जवल।

(छ) 'पशुयोनि' पद का विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए।

(ज) संधि-विच्छेद कीजिए :

मृतावस्था; धर्मात्मा।

(झ) 'अंधे की लाठी' मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(ञ) 'ईय' प्रत्यय से **दो** शब्द बनाइए।

**26.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) माई री म्हां लियाँ गोविन्दाँ मोल।
थे कह्यां छाणे म्हां कां चोड्डे, लियाँ बजन्ता ढोल।
थे कह्यां मुंहोधो म्हां कह्या सस्तो, लिया री तराजां तोल।
तण वारां म्हां जीवण वारां, वारां अमोलक मोल।
मीराँ कूं प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जनम को कोल।।

**अथवा**

(ख) नक्शे में जंगल हैं पेड़ नहीं
नक्शे में नदियाँ हैं पानी नहीं
नक्शे में पहाड़ हैं पत्थर नहीं
नक्शे में देश है लोग नहीं
समझ ही गए होंगे आप कि हम
सब
एक नक्शे में रहते हैं
हमारी पैंटों और चप्पलों से लेकर
वल्दियत और चोटों के निशान
नब्ज रक्तचाप और तापमान
स्वप्न और स्मृतियों सहित नप चुके हैं
और नक्शे तैयार हैं

**27.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) 'संयुक्त परिवार' कविता में संयुक्त और एकल परिवार के बीच का अंतर बताया गया है। आपको दोनों में से कौन-सा अच्छा लगता है? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) कवि दुष्यंत कुमार बाहरी ढाँचे में नहीं, अपितु आधारभूत परिवर्तन चाहते हैं, क्यों? कविता के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'भरत का भ्रातृप्रेम' प्रसंग के आधार पर भरत की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

**28.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

आज की दुनिया विचित्र नवीन
प्रकृति पर सर्वत्र विजयी पुरुष आसीन।
हैं बँधे नर के करों में वारि, विद्युत्, भाप,
हुक्म पर चढ़ता उतरता है पवन का ताप।
है नहीं बाकी कहीं व्यवधान,
लाँघ सकता नर सरिता, सिंधु एक समान।
शीश पर आदेश कर अवधार्य
प्रकृति के सब तत्त्व करते हैं मनुज के कार्य,
मानते हैं हुक्म मानव का महा वरुणेश,
और करता शब्दगुण अंबर वहन संदेश।
नव्य नर की मुष्टि में विकराल,
हैं सिमटते जा रहे दिक्काल।
यह प्रकृति निस्सीम नर का यह अपूर्व विकास।
चरण तल भूगोल मुट्ठी में लिखित आकाश।
किन्तु है बढ़ता गया मस्तिष्क ही निःशेष;
छूटकर पीछे गया है रह हृदय का देश।

(क) काव्यांश में आज की दुनिया को विचित्र और नवीन क्यों कहा गया है?

(ख) मनुष्य के आदेशों को अपने सिर पर कौन धारण करता है?

(ग) मनुष्य द्वारा धरती और आकाश को नापने के बाद भी क्या शेष रह गया है?

(घ) मनुष्य के हाथों में कौन-कौन बँधे हैं?

(ङ) क्या मानव द्वारा प्राप्त इस प्रगति को आप वास्तविक प्रगति मानते हैं? *15–20* शब्दों में उत्तर दीजिए।

**29.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) हमारे शैशवकालीन अतीत और प्रत्यक्ष वर्तमान के बीच समय-प्रवाह का पाट ज्यों-ज्यों चौड़ा होता जाता है त्यों-त्यों हमारी स्मृति में अनजाने में एक परिवर्तन लक्षित होने लगता है, शैशव की चित्रशाला के जिन चित्रों से हमारा रागात्मक संबंध गहरा होता है, उनकी रेखाएँ और रंग इतने स्पष्ट और चमकीले होते चलते हैं कि हम वार्धक्य की धुँधली आँखों से भी उन्हें प्रत्यक्ष देखते रहते हैं। पर जिनसे ऐसा संबंध नहीं होता वे फीके होते-होते इस प्रकार स्मृति से धुल जाते हैं कि दूसरों के स्मरण दिलाने पर भी उनका स्मरण कठिन हो जाता है।

**अथवा**

(ख) शिवालिक की सूखी नीरस पहाड़ियों पर मुस्कराते हुए ये वृक्ष द्वंद्वातीत हैं, अलमस्त हैं। मैं किसी का नाम नहीं जानता, कुल नहीं जानता, शील नहीं जानता, पर लगता है, ये जैसे मुझे अनादि काल से जानते हैं। इन्हीं में एक छोटा-सा बहुत ही ठिगना-पेड़ है, पत्ते चौड़े भी हैं, बड़े भी हैं। फूलों से तो ऐसा लदा है कि पूछिए नहीं। अजीब-सी अदा है, मुस्कराता जान पड़ता है।

**30.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) नई पीढ़ी, पुरानी पीढ़ी के बीच मतभेद का क्या कारण है? 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए। इस प्रकार के मतभेद को किस प्रकार दूर किया जा सकता है, तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर उमा की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'चीफ़ की दावत' कहानी में शामनाथ पदोन्नति पाने की लालसा में चीफ़ को दावत पर आमंत्रित करता है। क्या इस प्रकार के कार्य वर्तमान समय में भी दिखाई देते हैं? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**31.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

आज के युग में मानव का प्रचार-प्रसार का दायरा व्यापक हो चुका है। अतः विज्ञापनों का होना अनिवार्य हो जाता है। किसी अच्छी वस्तु की वास्तविकता से परिचय पाना आज के विशाल संसार में विज्ञापन के बिना असंभव है। विज्ञापन ही वह शक्तिशाली माध्यम है, जो हमारी जरूरत की वस्तुएँ प्रस्तुत करता है, उनकी माँग बढ़ाता है और अंततः हम उन्हें जुटाने चल पड़ते हैं। कोई व्यक्ति या कंपनी जो किसी वस्तु का निर्माण करती है, उसे उत्पादक कहा जाता है। उन वस्तुओं और सेवाओं को खरीदनेवाला उपभोक्ता कहलाता है। विज्ञापन इन दोनों को जोड़ने का कार्य करता है। वह उत्पादक को उपभोक्ता के संपर्क में लाता है तथा माँग और पूर्ति में संतुलन स्थापित करने का प्रयत्न करता है। पुराने जमाने में किसी वस्तु की अच्छाई का विज्ञापन मौखिक तरीके से होता था। उस समय आवश्यकता भी कम होती थी तथा

लोग किसी वस्तु के अभाव की तीव्रता का अनुभव नहीं करते थे। आज संचार क्रांति ने जिंदगी को गति दे दी है। मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ती जा रही हैं। इसीलिए विज्ञापन मानव-जीवन की अनिवार्यता बन गए हैं।

(क) विज्ञापन मानव-जीवन के लिए क्यों अनिवार्य हैं?

(ख) उत्पादक और उपभोक्ता के बीच के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्राचीनकाल में प्रचार-प्रसार का क्या तरीका था?

(घ) प्रचार-प्रसार के साधनों ने विज्ञापनों को किस प्रकार प्रभावित किया है? लगभग *15–20* शब्दों में लिखिए।

(ङ) विज्ञापनों का क्या उद्देश्य है?

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) नेमी टिप्पण किसे कहते हैं? ये किस प्रयोजन से लिखे जाते हैं?

(ख) आपने अपना घर समान क्षेत्र में एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में लिया है। पुराने पते पर आने वाली डाक को नए पते पर देने का अनुरोध करते हुए डाकपाल महोदय को पत्र लिखिए।

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) प्रयोजनमूलक भाषा और प्रयुक्ति से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) सामान्य व्यवहार या बोलचाल की हिन्दी की **तीन** विशेषताएँ लिखिए।

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *80–100* शब्दों में लिखिए : 4+4=8

(क) विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार में संचार माध्यमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ख) संचार के मुद्रित माध्यम कौन-कौन से हैं? पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाली बर्फ़बारी को आधार बनाकर एक समाचार लिखिए।

★ ★ ★

इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

**Code No. 69/MAY/4**
**कोड नं०**
**Set / सेट B**

# हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination ..........................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................................................

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) एवं (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
5. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 69/MAY/4, सेट B लिखें।

# हिन्दी
# (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए *1* अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें *3* अंक के **दो** प्रश्न, *7* अंक के **दो** प्रश्न तथा *10* अंक का **एक** प्रश्न है। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघूत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *4* अंक के **दो** तथा लघूत्तरीय प्रश्न–2 के अन्तर्गत *5* अंक के **दो** प्रश्न हैं। दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *6* अंक के **चार** तथा दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–2 के अंतर्गत *8* अंक का **एक** प्रश्न है। इनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

दिए गए पाठ्यक्रम पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : 1×20=20

**1.** सुभद्राकुमारी चौहान के अनुसार स्त्री और पुरुष के व्यक्तित्व को अलग-अलग मानने का आधार है

(A) दोनों की शारीरिक संरचना

(B) दोनों का बाहरी परिवेश

(C) दोनों की स्वतंत्र इच्छा-शक्ति

(D) दोनों के भीतर स्वतंत्र आत्मा

**2.** 'सुभद्राकुमारी चौहान' पाठ के आधार पर नारी वीरत्व धर्म किसलिए अपनाती है?

(A) सृष्टि के कल्याण के लिए

(B) अहंकार की पूर्ति के लिए

(C) राग-द्वेष की पूर्ति के लिए

(D) निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए

**3.** सुभद्राकुमारी चौहान विपरीत परिस्थितियों में भी घर और बाहर के बीच संतुलन कैसे स्थापित कर पाईं?

(A) पारिवारिक सहयोग से
(B) सुदृढ़ आर्थिक स्थिति के कारण
(C) परिस्थितियों से समझौता करके
(D) दृढ़-निश्चय और मानसिक धैर्य से

**4.** 'कुटज' पाठ के अनुसार अबोध कौन है?

(A) दूसरे का उपकार करने वाला
(B) दूसरे का अपकार करने वाला
(C) सांसारिक ज्ञान को नहीं समझने वाला
(D) मानसिक बल कम रखने वाला

**5.** 'कुटज' की तुलना राजा जनक से क्यों की गई है?

(A) मन पर नियंत्रण रखने के कारण
(B) फूलों से लदा रहने के कारण
(C) दूसरों के हृदय-परिवर्तन करने की कला के कारण
(D) शुष्क वातावरण में भी हरा-भरा रहने के कारण

**6.** 'कुटज' पाठ के अनुसार सुख और दुख क्या हैं?

(A) नदी के दो किनारे
(B) मन के विकल्प
(C) जीवन के दो पहर
(D) सुबह और शाम

**7.** 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के अनुसार, साहित्यिक वयोवृद्ध मोटा चश्मा लगाकर क्या करते थे?

(A) किताबें पढ़ते थे
(B) चाँद को देखते थे
(C) नई पीढ़ी को ताकते थे
(D) सड़क पर चलते थे

**8.** 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में तरुणों ने वयोवृद्धों के लिए 'अर्थ' का क्या प्रबंध किया?

(A) उन्हें अंशकालिक काम दिलवा दिया
(B) उन्हें मंदिर में काम दिलवा दिया
(C) उन्हें रॉयल्टी दिलवाने का प्रबंध कर दिया
(D) उन्हें देवता बनाकर मंदिर में बैठा दिया

**9.** 'चीफ़ की दावत' कहानी के आधार पर माँ चीफ के लिए फुलकारी बनाने के लिए तैयार हो जाती है, क्योंकि

(A) इससे बेटे की तरक्की होगी
(B) वह इस कला में कुशल थी
(C) वह बेटे से भयभीत रहती थी
(D) वह अपनी कला का प्रदर्शन चाहती थी

**10.** 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के पात्र गोपाल प्रसाद के व्यक्तित्व के विषय में निम्नलिखित में से क्या **असत्य** है?

(A) वे महिलाओं की उच्च शिक्षा के विरोधी थे
(B) वे वैवाहिक संबंध को व्यापार मानते थे
(C) वे पुरुषवादी मानसिकता के शिकार थे
(D) वे बच्चों की स्वतंत्रता के पक्षधर थे

**11.** अच्छे पत्र का गुण **नहीं** है

(A) सरलता
(B) संक्षिप्तता
(C) सहजता
(D) जटिलता

**12.** ''मैं यूनिवर्सिटी कैम्पस में खड़ा हूँ।'' वाक्य बोलचाल की हिन्दी भाषा के किस प्रयुक्ति-क्षेत्र के अंतर्गत आता है?

(A) बंबइया हिन्दी
(B) दिल्ली की हिन्दी
(C) हैदराबाद की हिन्दी
(D) ऐंग्लो हिन्दी

**13.** 'भरत का भ्रातृप्रेम' प्रसंग के आधार पर लिखिए कि राम को सम्मुख देख भरत की आँखें भर गईं

(A) करुणा से
(B) प्रेम के आँसुओं से
(C) दर्द के कारण
(D) पश्चात्ताप के आँसुओं से

**14.** 'भरत का भ्रातृप्रेम' से उद्धृत पंक्ति 'कबहूँ न कीन्ह मोर मन भंगू' के आधार पर लिखिए कि किसने किसका मन **नहीं** दुखाया?

(A) भरत ने राम का
(B) राम ने भरत का
(C) कैकयी ने राम का
(D) कैकयी ने भरत का

**15.** निम्नलिखित में से किस पंक्ति में रूपक अलंकार है?

(A) सुनि मुनि वचन राम रुख पाई
(B) मातु मंदि मैं साधु सुचाली
(C) मोर अभाग उदधि अवगाहू
(D) जारिऊँ जायँ जननि कहि काकू

**16.** मीरा के पद के आधार पर लिखिए कि श्रीकृष्ण को मोल लेने के लिए मीरा ने कौन-सी कीमत **नहीं** चुकाई?

(A) लोक अपवाद
(B) सगे-संबंधियों की भर्त्सना
(C) धन-संपत्ति
(D) पारिवारिक लांछन

**17.** पद्माकर रचित पद में किस रस की प्रधानता है?

(A) वात्सल्य (B) शृंगार

(C) वीर (D) भयानक

**18.** 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कविता के संदर्भ में निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए :

कथन : सुख के बीते पलों के साथ दुख के वर्तमान दिनों को जोड़ देने से मन व्यथित हो जाता है।

कारण : व्यक्ति को ऐसा लगता है कि जो खुशी के पल बीत चुके हैं वे दोबारा वापस नहीं आ सकते।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कारण सही है लेकिन कथन गलत है।

(C) कथन सही है लेकिन कारण कथन की गलत व्याख्या है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**19.** कॉलम (1) को कॉलम (2) से सुमेलित कीजिए और उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

| | कॉलम (1) | | कॉलम (2) |
|---|---|---|---|
| (i) | मशाल | (1) | दमनकारी सत्ता |
| (ii) | भेड़िये | (2) | आम-आदमी |
| (iii) | तुम | (3) | सामूहिक चेतना |

**विकल्प :**

(A) (i)–(3), (ii)–(1), (iii)–(2) (B) (i)–(1), (ii)–(3), (iii)–(2)

(C) (i)–(2), (ii)–(1), (iii)–(3) (D) (i)–(3), (ii)–(2), (iii)–(1)

**20.** 'संयुक्त परिवार' कविता का कवि अतिथि के घर से बिना मिले ही लौट जाने से परेशान क्यों है?

(A) कवि मेल-मिलाप में विश्वास रखता है (B) अतिथि उसका परिचित था

(C) आगंतुक के आने का कारण वह नहीं जान सका (D) आगंतुक की आवभगत से वह वंचित रह गया

**21.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही/गलत में दीजिए : 1×3=3

(क) ब्लॉगर द्वारा अपने ब्लॉग को मैनेज और अपडेट करने की प्रक्रिया ब्लॉगिंग कहलाती है।

(ख) जनसंचार माध्यम सामाजिक बुराइयों को फैलाते हैं।

(ग) लेखाकरण प्रणाली द्वारा सभी वित्तीय कार्य-व्यापार लेखा बहियों में रिकार्ड कर लिए जाते हैं।

**22.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में दीजिए : 1×3=3

(क) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में समाज की किस समस्या को प्रस्तुत किया गया है?

(ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि पुरानी पीढ़ी के द्वारा युवा पीढ़ी को अधिकार न सौंपने से समाज को क्या नुकसान होता है?

(ग) 'चीफ़ की दावत' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

**23.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

इन सींखचों में जहाँ से कोई निकल सकता और कोई प्रवेश नहीं कर सकता। एक पतली-सी सूरज की किरण को छोड़कर जो संसार को सुखभरी नींद से जगाती है; लोग-बाग अँगड़ाइयाँ लेते, ओठों पर मुस्कान लिए उठते हैं, किरण जो औरों के लिए आशा का संदेश लिए आती है। इन अभागों के लिए जो यहाँ अंडमान में काला पानी भोग रहे थे, सुबह कभी कोई आशा का संदेश नहीं लाई और शाम आई तो वह भी डरती-डरती उनको कोठरियों की दहलीज पर एक स्वप्न मात्र रख गई—आज़ादी का स्वप्न, जिसे उन्होंने बरसों देखा, सँजोकर रखा। आखिर इस स्वप्न के लिए ही तो उन्होंने सजाएँ भोगी थीं। उनका जुर्म, अपराध क्या था? उन्होंने स्वप्न देखा था। और वे उसे असलियत में परिणत करना चाहते थे?

(क) गद्यांश के लेखक हैं

(A) श्रीकांत वर्मा (B) रामकुमार वर्मा

(C) महादेवी वर्मा (D) भीष्म साहनी

(ख) गद्यांश के पाठ का नाम है

(A) सुभद्राकुमारी चौहान (B) जिजीविषा की विजय

(C) कुटज (D) अंडमान डायरी

(ग) ''इन सींखचों में जहाँ से कोई नहीं निकल सकता।'' कथन में 'जहाँ' शब्द प्रयुक्त हुआ है

(A) अंडमान द्वीपसमूहों के लिए (B) जेल के फाँसीघरों के लिए

(C) जेल की तंग काल-कोठरियों के लिए (D) अंग्रेजों की कैद के लिए

(घ) सुबह की पहली किरण आम आदमियों के लिए कौन-सा संदेश लेकर **नहीं** आती?

(A) आशा का (B) निराशा का

(C) सुख का (D) खुशहाली का

(ङ) गद्यांश में प्रयुक्त 'परिणत' शब्द का अर्थ है

(A) बदलना (B) भोगना

(C) सहना (D) रहना

(च) सेनानियों ने किसलिए यातनाएँ सहीं?

(A) स्वतंत्र हवा में साँस लेने के लिए (B) अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट होने के लिए

(C) सुख-सुविधा प्राप्त करने के लिए (D) अंग्रेजों का साथ न देने के लिए

(छ) गद्यांश में प्रयुक्त 'दहलीज' का शब्दार्थ **नहीं** है

(A) ड्योढ़ी (B) चौखट

(C) देहरी (D) मर्यादा

**24.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 1×7=7

वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा सँभालो,
चट्टानों की छाती से दूध निकालो।
है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,
पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।

चढ़ तुंग शैल-शिखरों पर सोम पियो रे!
योगियों नहीं, विजयी के सदृश जियो रे!

(क) 'बाँहों की विभा' से तात्पर्य **नहीं** है

(A) भुजाओं की शक्ति (B) भुजाओं का सौंदर्य

(C) भुजाओं का बल (D) भुजाओं का सौष्ठव

(ख) 'चट्टानों की छाती से दूध निकालो' का आशय है

(A) पत्थरों से पानी निकालना (B) पहाड़ों से नदी निकालना

(C) पहाड़ों पर पताका फहराना (D) विपरीत परिस्थितियों में विजय पाना

(ग) काव्यांश में प्रयुक्त 'तुंग' शब्द का अर्थ है

(A) ऊँचा (B) ऊबड़-खाबड़

(C) संकरा (D) सपाट

(घ) 'सोम' शब्द का पर्यायवाची **नहीं** है

(A) अमृत (B) सुधा

(C) गरल (D) पीयूष

(ङ) काव्यांश के माध्यम से देशवासियों में कौन-सा भाव जाग्रत् किया गया है?

(A) वीरता (B) वैराग्य

(C) कायरता (D) आलस्य

(च) 'है रुकी जहाँ भी धार' प्रतीकार्थ है

(A) पानी की धारा का (B) मार्ग की बाधाओं का

(C) विचारों की गंगाओं का (D) मार्ग की शिलाओं का

(छ) 'चंद्रमाओं से पीयूष प्राप्त करने' से अभिप्राय है

(A) अमृत प्राप्त करना (B) रोशनी प्राप्त करना

(C) चंद्रमा का रहस्य जानना (D) लक्ष्य पा लेना

**25.** निम्नलिखित व्याकरण-संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10=10

(क) विलोम शब्द लिखिए :

कायरता; विक्रेता।

(ख) उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए :

आक्रोश; सामाजिक।

(ग) निम्नलिखित वाक्य में विराम-चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखिए :

बड़ों को जवाब देना प्रायः अशिष्टता का सूचक माना जाता है उन्होंने कहा

(घ) निम्नलिखित वाक्यों को जोड़कर एक सरल वाक्य बनाइए :

*(i)* एकांकी नाटक का एक भेद है।

*(ii)* इसमें केवल एक ही अंक होता है।

(ङ) निम्नलिखित को कर्मवाच्य में बदलिए :

युधिष्ठिर ने यक्ष के प्रश्न का उत्तर दिया।

(च) निम्नलिखित का शुद्ध रूप (वर्तनी) लिखिए :

सर्वव्यापत; आशचर्यचकित।

(छ) 'शाक-सब्जी' पद का विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए।

(ज) संधि-विच्छेद कीजिए :

इच्छानुसार; तथैव।

(झ) 'जले पर नमक छिड़कना' मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(ञ) 'ईन' प्रत्यय से **दो** शब्द बनाइए।

**26.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) 'सूरदास' द्वारा रचित पद के आधार पर श्रीकृष्ण के बालरूप का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ख) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कविता के कवि की विवशता का वर्णन कीजिए।

(ग) कवि दुष्यंत कुमार दीवारों की जगह बुनियाद हिलने के पक्षधर क्यों हैं? 'ग़ज़ल' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**27.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) माई री म्हां लियाँ गोविन्दाँ मोल।
थे कह्यां छाणे म्हां कां चोड्डे, लियाँ बजन्ता ढोल।
थे कह्यां मुंहोधो म्हां कह्या सस्तो, लिया री तराजां तोल।
तण वारां म्हां जीवण वारां, वारां अमोलक मोल।
मीराँ कूं प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जनम को कोल।।

**अथवा**

(ख) नक्शे में जंगल हैं पेड़ नहीं
नक्शे में नदियाँ हैं पानी नहीं

नक्शे में पहाड़ हैं पत्थर नहीं
नक्शे में देश है लोग नहीं
समझ ही गए होंगे आप कि हम
सब
एक नक्शे में रहते हैं
    हमारी पैंटों और चप्पलों से लेकर
    वल्दियत और चोटों के निशान
    नब्ज रक्तचाप और तापमान
    स्वप्न और स्मृतियों सहित नप चुके हैं
    और नक्शे तैयार हैं

**28.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

आज की दुनिया विचित्र नवीन
प्रकृति पर सर्वत्र विजयी पुरुष आसीन।
हैं बँधे नर के करों में वारि, विद्युत्, भाप,
हुक्म पर चढ़ता उतरता है पवन का ताप।
है नहीं बाकी कहीं व्यवधान,
लाँघ सकता नर सरिता, सिंधु एक समान।
शीश पर आदेश कर अवधार्य
प्रकृति के सब तत्त्व करते हैं मनुज के कार्य,
मानते हैं हुक्म मानव का महा वरुणेश,
और करता शब्दगुण अंबर वहन संदेश।
नव्य नर की मुष्टि में विकराल,
हैं सिमटते जा रहे दिक्काल।
यह प्रकृति निस्सीम नर का यह अपूर्व विकास।
चरण तल भूगोल मुट्ठी में लिखित आकाश।
किन्तु है बढ़ता गया मस्तिष्क ही निःशेष;
छूटकर पीछे गया है रह हृदय का देश।

(क) काव्यांश में आज की दुनिया को विचित्र और नवीन क्यों कहा गया है?

(ख) मनुष्य के आदेशों को अपने सिर पर कौन धारण करता है?

(ग) मनुष्य द्वारा धरती और आकाश को नापने के बाद भी क्या शेष रह गया है?

(घ) मनुष्य के हाथों में कौन-कौन बँधे हैं?

(ङ) क्या मानव द्वारा प्राप्त इस प्रगति को आप वास्तविक प्रगति मानते हैं? *15–20* शब्दों में उत्तर दीजिए।

**29.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

आज के युग में मानव का प्रचार-प्रसार का दायरा व्यापक हो चुका है। अतः विज्ञापनों का होना अनिवार्य हो जाता है। किसी अच्छी वस्तु की वास्तविकता से परिचय पाना आज के विशाल संसार में विज्ञापन के बिना असंभव है। विज्ञापन ही वह शक्तिशाली माध्यम है, जो हमारी जरूरत की वस्तुएँ प्रस्तुत करता है, उनकी माँग बढ़ाता है और अंततः हम उन्हें जुटाने चल पड़ते हैं। कोई व्यक्ति या कंपनी जो किसी वस्तु का निर्माण करती है, उसे उत्पादक कहा जाता है। उन वस्तुओं और सेवाओं को खरीदनेवाला उपभोक्ता कहलाता है। विज्ञापन इन दोनों को जोड़ने का कार्य करता है। वह उत्पादक को उपभोक्ता के संपर्क में लाता है तथा माँग और पूर्ति में संतुलन स्थापित करने का प्रयत्न करता है। पुराने जमाने में किसी वस्तु की अच्छाई का विज्ञापन मौखिक तरीके से होता था। उस समय आवश्यकता भी कम होती थी तथा लोग किसी वस्तु के अभाव की तीव्रता का अनुभव नहीं करते थे। आज संचार क्रांति ने जिंदगी को गति दे दी है। मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ती जा रही हैं। इसीलिए विज्ञापन मानव-जीवन की अनिवार्यता बन गए हैं।

(क) विज्ञापन मानव-जीवन के लिए क्यों अनिवार्य हैं?

(ख) उत्पादक और उपभोक्ता के बीच के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्राचीनकाल में प्रचार-प्रसार का क्या तरीका था?

(घ) प्रचार-प्रसार के साधनों ने विज्ञापनों को किस प्रकार प्रभावित किया है? लगभग *15–20* शब्दों में लिखिए।

(ङ) विज्ञापनों का क्या उद्देश्य है?

**30.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) हमारे शैशवकालीन अतीत और प्रत्यक्ष वर्तमान के बीच समय-प्रवाह का पाट ज्यों-ज्यों चौड़ा होता जाता है त्यों-त्यों हमारी स्मृति में अनजाने में एक परिवर्तन लक्षित होने लगता है, शैशव की चित्रशाला के जिन चित्रों से हमारा रागात्मक संबंध गहरा होता है, उनकी रेखाएँ और रंग इतने स्पष्ट और चमकीले होते चलते हैं कि हम वार्धक्य की धुँधली आँखों से भी उन्हें प्रत्यक्ष देखते रहते हैं। पर जिनसे ऐसा संबंध नहीं होता वे फीके होते-होते इस प्रकार स्मृति से धुल जाते हैं कि दूसरों के स्मरण दिलाने पर भी उनका स्मरण कठिन हो जाता है।

**अथवा**

(ख) शिवालिक की सूखी नीरस पहाड़ियों पर मुस्कराते हुए ये वृक्ष द्वंद्वातीत हैं, अलमस्त हैं। मैं किसी का नाम नहीं जानता, कुल नहीं जानता, शील नहीं जानता, पर लगता है, ये जैसे मुझे अनादि काल से जानते हैं। इन्हीं में एक छोटा-सा बहुत ही ठिगना-पेड़ है, पत्ते चौड़े भी हैं, बड़े भी हैं। फूलों से तो ऐसा लदा है कि पूछिए नहीं। अजीब-सी अदा है, मुस्कराता जान पड़ता है।

**31.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) नई पीढ़ी, पुरानी पीढ़ी के बीच मतभेद का क्या कारण है? 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए। इस प्रकार के मतभेद को किस प्रकार दूर किया जा सकता है, तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर उमा की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'चीफ़ की दावत' कहानी में शामनाथ पदोन्नति पाने की लालसा में चीफ़ को दावत पर आमंत्रित करता है। क्या इस प्रकार के कार्य वर्तमान समय में भी दिखाई देते हैं? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) प्रयोजनमूलक भाषा और प्रयुक्ति से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) सामान्य व्यवहार या बोलचाल की हिन्दी की **तीन** विशेषताएँ लिखिए।

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) प्रारूपण किसे कहते हैं? इसकी **दो** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ख) आपका नाम आयुष/आयुषी है। आप क० ख० ग० बैंक में पिछले चार सालों से एक ही वेतनमान पर काम कर रहे हैं। आपके वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। अपने वेतनमान में वृद्धि हेतु कार्यक्षेत्र की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए।

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *80–100* शब्दों में लिखिए : 4+4=8

(क) विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार में संचार माध्यमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ख) संचार के मुद्रित माध्यम कौन-कौन से हैं? पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाली बर्फ़बारी को आधार बनाकर एक समाचार लिखिए।

★ ★ ★

इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. | | | | | | | | | | | |
अनुक्रमांक

**Code No. 69/MAY/4**
**कोड नं०**
**Set / सेट** C

# हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination ..................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..................................................

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) एवं (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
5. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 69/MAY/4, सेट C लिखें।

## हिन्दी
## (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए *1* अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें *3* अंक के **दो** प्रश्न, *7* अंक के **दो** प्रश्न तथा *10* अंक का **एक** प्रश्न है। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघूत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *4* अंक के **दो** तथा लघूत्तरीय प्रश्न–2 के अन्तर्गत *5* अंक के **दो** प्रश्न हैं। दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *6* अंक के **चार** तथा दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–2 के अंतर्गत *8* अंक का **एक** प्रश्न है। इनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

दिए गए पाठ्यक्रम पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : 1×20=20

**1.** अच्छे पत्र का गुण **नहीं** है

(A) सरलता (B) संक्षिप्तता

(C) सहजता (D) जटिलता

**2.** ''मैं यूनिवर्सिटी कैम्पस में खड़ा हूँ।'' वाक्य बोलचाल की हिन्दी भाषा के किस प्रयुक्ति-क्षेत्र के अंतर्गत आता है?

(A) बंबइया हिन्दी (B) दिल्ली की हिन्दी

(C) हैदराबाद की हिन्दी (D) ऐंग्लो हिन्दी

**3.** 'भरत का भ्रातृप्रेम' प्रसंग के आधार पर लिखिए कि राम को सम्मुख देख भरत की आँखें भर गईं

(A) करुणा से

(B) प्रेम के आँसुओं से

(C) दर्द के कारण

(D) पश्चात्ताप के आँसुओं से

**4.** 'भरत का भ्रातृप्रेम' से उद्धृत पंक्ति 'कबहूँ न कीन्ह मोर मन भंगू' के आधार पर लिखिए कि किसने किसका मन **नहीं** दुखाया?

(A) भरत ने राम का

(B) राम ने भरत का

(C) कैकयी ने राम का

(D) कैकयी ने भरत का

**5.** निम्नलिखित में से किस पंक्ति में रूपक अलंकार है?

(A) सुनि मुनि वचन राम रुख पाई

(B) मातु मंदि मैं साधु सुचाली

(C) मोर अभाग उदधि अवगाहू

(D) जारिऊँ जायँ जननि कहि काकू

**6.** मीरा के पद के आधार पर लिखिए कि श्रीकृष्ण को मोल लेने के लिए मीरा ने कौन-सी कीमत **नहीं** चुकाई?

(A) लोक अपवाद

(B) सगे-संबंधियों की भर्त्सना

(C) धन-संपत्ति

(D) पारिवारिक लांछन

**7.** पद्माकर रचित पद में किस रस की प्रधानता है?

(A) वात्सल्य

(B) श्रृंगार

(C) वीर

(D) भयानक

**8.** 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कविता के संदर्भ में निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए :

कथन : सुख के बीते पलों के साथ दुख के वर्तमान दिनों को जोड़ देने से मन व्यथित हो जाता है।

कारण : व्यक्ति को ऐसा लगता है कि जो खुशी के पल बीत चुके हैं वे दोबारा वापस नहीं आ सकते।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कारण सही है लेकिन कथन गलत है।

(C) कथन सही है लेकिन कारण कथन की गलत व्याख्या है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**9.** कॉलम (1) को कॉलम (2) से सुमेलित कीजिए और उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

| | कॉलम (1) | | कॉलम (2) |
|---|---|---|---|
| (i) | मशाल | (1) | दमनकारी सत्ता |
| (ii) | भेड़िये | (2) | आम-आदमी |
| (iii) | तुम | (3) | सामूहिक चेतना |

**विकल्प :**

(A) (i)–(3), (ii)–(1), (iii)–(2)
(B) (i)–(1), (ii)–(3), (iii)–(2)
(C) (i)–(2), (ii)–(1), (iii)–(3)
(D) (i)–(3), (ii)–(2), (iii)–(1)

**10.** 'संयुक्त परिवार' कविता का कवि अतिथि के घर से बिना मिले ही लौट जाने से परेशान क्यों है?

(A) कवि मेल-मिलाप में विश्वास रखता है
(B) अतिथि उसका परिचित था
(C) आगंतुक के आने का कारण वह नहीं जान सका
(D) आगंतुक की आवभगत से वह वंचित रह गया

**11.** सुभद्राकुमारी चौहान के अनुसार स्त्री और पुरुष के व्यक्तित्व को अलग-अलग मानने का आधार है

(A) दोनों की शारीरिक संरचना
(B) दोनों का बाहरी परिवेश
(C) दोनों की स्वतंत्र इच्छा-शक्ति
(D) दोनों के भीतर स्वतंत्र आत्मा

**12.** 'सुभद्राकुमारी चौहान' पाठ के आधार पर नारी वीरत्व धर्म किसलिए अपनाती है?

(A) सृष्टि के कल्याण के लिए
(B) अहंकार की पूर्ति के लिए
(C) राग-द्वेष की पूर्ति के लिए
(D) निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए

**13.** सुभद्राकुमारी चौहान विपरीत परिस्थितियों में भी घर और बाहर के बीच संतुलन कैसे स्थापित कर पाईं?

(A) पारिवारिक सहयोग से
(B) सुदृढ़ आर्थिक स्थिति के कारण
(C) परिस्थितियों से समझौता करके
(D) दृढ़-निश्चय और मानसिक धैर्य से

**14.** 'कुटज' पाठ के अनुसार अबोध कौन है?

(A) दूसरे का उपकार करने वाला
(B) दूसरे का अपकार करने वाला
(C) सांसारिक ज्ञान को नहीं समझने वाला
(D) मानसिक बल कम रखने वाला

**15.** 'कुटज' की तुलना राजा जनक से क्यों की गई है?

(A) मन पर नियंत्रण रखने के कारण

(B) फूलों से लदा रहने के कारण

(C) दूसरों के हृदय-परिवर्तन करने की कला के कारण

(D) शुष्क वातावरण में भी हरा-भरा रहने के कारण

**16.** 'कुटज' पाठ के अनुसार सुख और दुख क्या हैं?

(A) नदी के दो किनारे

(B) मन के विकल्प

(C) जीवन के दो पहर

(D) सुबह और शाम

**17.** 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के अनुसार, साहित्यिक वयोवृद्ध मोटा चश्मा लगाकर क्या करते थे?

(A) किताबें पढ़ते थे

(B) चाँद को देखते थे

(C) नई पीढ़ी को ताकते थे

(D) सड़क पर चलते थे

**18.** 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में तरुणों ने वयोवृद्धों के लिए 'अर्थ' का क्या प्रबंध किया?

(A) उन्हें अंशकालिक काम दिलवा दिया

(B) उन्हें मंदिर में काम दिलवा दिया

(C) उन्हें रॉयल्टी दिलवाने का प्रबंध कर दिया

(D) उन्हें देवता बनाकर मंदिर में बैठा दिया

**19.** 'चीफ़ की दावत' कहानी के आधार पर माँ चीफ के लिए फुलकारी बनाने के लिए तैयार हो जाती है, क्योंकि

(A) इससे बेटे की तरक्की होगी

(B) वह इस कला में कुशल थी

(C) वह बेटे से भयभीत रहती थी

(D) वह अपनी कला का प्रदर्शन चाहती थी

**20.** 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के पात्र गोपाल प्रसाद के व्यक्तित्व के विषय में निम्नलिखित में से क्या **असत्य** है?

(A) वे महिलाओं की उच्च शिक्षा के विरोधी थे

(B) वे वैवाहिक संबंध को व्यापार मानते थे

(C) वे पुरुषवादी मानसिकता के शिकार थे

(D) वे बच्चों की स्वतंत्रता के पक्षधर थे

**21.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में दीजिए : 1×3=3

(क) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में समाज की किस समस्या को प्रस्तुत किया गया है?

(ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि पुरानी पीढ़ी के द्वारा युवा पीढ़ी को अधिकार न सौंपने से समाज को क्या नुकसान होता है?

(ग) 'चीफ़ की दावत' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

**22.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही/गलत में दीजिए : 1×3=3

(क) लिखित संप्रेषण की अपेक्षा मौखिक संप्रेषण में औपचारिकता और सतर्कता दोनों ही अधिक होती हैं।

(ख) रेडियो दुर्गम स्थानों पर सूचनाएँ नहीं पहुँचा सकता।

(ग) मेल मर्ज का उपयोग कर एक Letter को आसानी से कई नाम से बनाया जा सकता है।

**23.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 1×7=7

वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा सँभालो,
चट्टानों की छाती से दूध निकालो।
है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,
पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।

चढ़ तुंग शैल-शिखरों पर सोम पियो रे!
योगियों नहीं, विजयी के सदृश जियो रे!

(क) 'बाँहों की विभा' से तात्पर्य **नहीं** है

(A) भुजाओं की शक्ति
(B) भुजाओं का सौंदर्य
(C) भुजाओं का बल
(D) भुजाओं का सौष्ठव

(ख) 'चट्टानों की छाती से दूध निकालो' का आशय है

(A) पत्थरों से पानी निकालना
(B) पहाड़ों से नदी निकालना
(C) पहाड़ों पर पताका फहराना
(D) विपरीत परिस्थितियों में विजय पाना

(ग) काव्यांश में प्रयुक्त 'तुंग' शब्द का अर्थ है

(A) ऊँचा
(B) ऊबड़-खाबड़
(C) संकरा
(D) सपाट

(घ) 'सोम' शब्द का पर्यायवाची **नहीं** है

(A) अमृत
(B) सुधा
(C) गरल
(D) पीयूष

(ङ) काव्यांश के माध्यम से देशवासियों में कौन-सा भाव जाग्रत् किया गया है?

(A) वीरता
(B) वैराग्य
(C) कायरता
(D) आलस्य

(च) 'है रुकी जहाँ भी धार' प्रतीकार्थ है

(A) पानी की धारा का
(B) मार्ग की बाधाओं का
(C) विचारों की गंगाओं का
(D) मार्ग की शिलाओं का

(छ) 'चंद्रमाओं से पीयूष प्राप्त करने' से अभिप्राय है

(A) अमृत प्राप्त करना
(B) रोशनी प्राप्त करना
(C) चंद्रमा का रहस्य जानना
(D) लक्ष्य पा लेना

**24.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

इन सींखचों में जहाँ से कोई निकल सकता और कोई प्रवेश नहीं कर सकता। एक पतली-सी सूरज की किरण को छोड़कर जो संसार को सुखभरी नींद से जगाती है; लोग-बाग अँगड़ाइयाँ लेते, ओठों पर मुस्कान लिए उठते हैं, किरण जो औरों के लिए आशा का संदेश लिए आती है। इन अभागों के लिए जो यहाँ अंडमान में काला पानी भोग रहे थे, सुबह कभी कोई आशा का संदेश नहीं लाई और शाम आई तो वह भी डरती-डरती उनको कोठरियों की दहलीज पर एक स्वप्न मात्र रख गई—आज़ादी का स्वप्न, जिसे उन्होंने बरसों देखा, सँजोकर रखा। आखिर इस स्वप्न के लिए ही तो उन्होंने सजाएँ भोगी थीं। उनका जुर्म, अपराध क्या था? उन्होंने स्वप्न देखा था। और वे उसे असलियत में परिणत करना चाहते थे?

(क) गद्यांश के लेखक हैं

(A) श्रीकांत वर्मा
(B) रामकुमार वर्मा
(C) महादेवी वर्मा
(D) भीष्म साहनी

(ख) गद्यांश के पाठ का नाम है

(A) सुभद्राकुमारी चौहान
(B) जिजीविषा की विजय
(C) कुटज
(D) अंडमान डायरी

(ग) ''इन सींखचों में जहाँ से कोई नहीं निकल सकता।'' कथन में 'जहाँ' शब्द प्रयुक्त हुआ है

(A) अंडमान द्वीपसमूहों के लिए
(B) जेल के फाँसीघरों के लिए
(C) जेल की तंग काल-कोठरियों के लिए
(D) अंग्रेजों की कैद के लिए

(घ) सुबह की पहली किरण आम आदमियों के लिए कौन-सा संदेश लेकर **नहीं** आती?

(A) आशा का
(B) निराशा का
(C) सुख का
(D) खुशहाली का

(ङ) गद्यांश में प्रयुक्त 'परिणत' शब्द का अर्थ है

(A) बदलना (B) भोगना

(C) सहना (D) रहना

(च) सेनानियों ने किसलिए यातनाएँ सहीं?

(A) स्वतंत्र हवा में साँस लेने के लिए (B) अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट होने के लिए

(C) सुख-सुविधा प्राप्त करने के लिए (D) अंग्रेजों का साथ न देने के लिए

(छ) गद्यांश में प्रयुक्त 'दहलीज' का शब्दार्थ **नहीं** है

(A) ड्योढ़ी (B) चौखट

(C) देहरी (D) मर्यादा

**25.** निम्नलिखित व्याकरण-संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10=10

(क) विलोम शब्द लिखिए :

सुगंध; प्राकृतिक।

(ख) उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए :

प्रचलन; स्वाभाविक।

(ग) निम्नलिखित वाक्य में विराम-चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखिए :

प्रतापी अगस्त्य मुनि को भी कुटज कहा जाता है

(घ) 'नौरत्न' पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

(ङ) संधि-विच्छेद कीजिए :

वनौषधि; इत्यादि।

(च) 'दाँत निपोरना' मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(छ) निम्नलिखित का शुद्ध रूप (वर्तनी) लिखिए :

पुनरावलोकन; आर्शीवाद।

(ज) निम्नलिखित का विशेषण बनाइए :

पीड़ा; भार।

(झ) निम्नलिखित का भाववाचक संज्ञा बनाइए :

मानव; पीला।

(ञ) निम्नलिखित वाक्यों को जोड़कर एक सरल वाक्य बनाइए :

*(i)* वह धीरे से उठा।

*(ii)* वह मंदिर के दूसरे हिस्से में चला गया।

**26.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) माई री म्हां लियाँ गोविन्दाँ मोल।
थे कह्यां छाणे म्हां कां चोड्डे, लियाँ बजन्ता ढोल।
थे कह्यां मुंहोधो म्हां कह्या सस्तो, लिया री तराजां तोल।
तण वारां म्हां जीवण वारां, वारां अमोलक मोल।
मीराँ कूं प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जनम को कोल।।

**अथवा**

(ख) नक्शे में जंगल हैं पेड़ नहीं
नक्शे में नदियाँ हैं पानी नहीं
नक्शे में पहाड़ हैं पत्थर नहीं
नक्शे में देश है लोग नहीं
समझ ही गए होंगे आप कि हम
सब
एक नक्शे में रहते हैं
हमारी पैंटों और चप्पलों से लेकर
वल्दियत और चोटों के निशान
नब्ज रक्तचाप और तापमान
स्वप्न और स्मृतियों सहित नप चुके हैं
और नक्शे तैयार हैं

**27.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) पद्माकर द्वारा रचित कवित्त के आधार पर श्रीकृष्ण के प्रति गोपी के प्रेम पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कविता की भाषागत विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'भेड़िये भागेंगे' कवि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के इस विश्वास का क्या आधार है? स्पष्ट कीजिए।

**28.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

आज की दुनिया विचित्र नवीन
प्रकृति पर सर्वत्र विजयी पुरुष आसीन।
हैं बँधे नर के करों में वारि, विद्युत्, भाप,
हुक्म पर चढ़ता उतरता है पवन का ताप।
है नहीं बाकी कहीं व्यवधान,
लाँघ सकता नर सरिता, सिंधु एक समान।
शीश पर आदेश कर अवधार्य
प्रकृति के सब तत्त्व करते हैं मनुज के कार्य,
मानते हैं हुक्म मानव का महा वरुणेश,
और करता शब्दगुण अंबर वहन संदेश।
नव्य नर की मुष्टि में विकराल,
हैं सिमटते जा रहे दिक्काल।
यह प्रकृति निस्सीम नर का यह अपूर्व विकास।
चरण तल भूगोल मुट्ठी में लिखित आकाश।
किन्तु है बढ़ता गया मस्तिष्क ही निःशेष;
छूटकर पीछे गया है रह हृदय का देश।

(क) काव्यांश में आज की दुनिया को विचित्र और नवीन क्यों कहा गया है?

(ख) मनुष्य के आदेशों को अपने सिर पर कौन धारण करता है?

(ग) मनुष्य द्वारा धरती और आकाश को नापने के बाद भी क्या शेष रह गया है?

(घ) मनुष्य के हाथों में कौन-कौन बँधे हैं?

(ङ) क्या मानव द्वारा प्राप्त इस प्रगति को आप वास्तविक प्रगति मानते हैं? *15-20* शब्दों में उत्तर दीजिए।

**29.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) नई पीढ़ी, पुरानी पीढ़ी के बीच मतभेद का क्या कारण है? 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए। इस प्रकार के मतभेद को किस प्रकार दूर किया जा सकता है, तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर उमा की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'चीफ़ की दावत' कहानी में शामनाथ पदोन्नति पाने की लालसा में चीफ़ को दावत पर आमंत्रित करता है। क्या इस प्रकार के कार्य वर्तमान समय में भी दिखाई देते हैं? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**30.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) हमारे शैशवकालीन अतीत और प्रत्यक्ष वर्तमान के बीच समय-प्रवाह का पाट ज्यों-ज्यों चौड़ा होता जाता है त्यों-त्यों हमारी स्मृति में अनजाने में एक परिवर्तन लक्षित होने लगता है, शैशव की चित्रशाला के जिन चित्रों से हमारा रागात्मक संबंध गहरा होता है, उनकी रेखाएँ और रंग इतने स्पष्ट और चमकीले होते चलते हैं कि हम वार्धक्य की धुँधली आँखों से भी उन्हें प्रत्यक्ष देखते रहते हैं। पर जिनसे ऐसा संबंध नहीं होता वे फीके होते-होते इस प्रकार स्मृति से धुल जाते हैं कि दूसरों के स्मरण दिलाने पर भी उनका स्मरण कठिन हो जाता है।

**अथवा**

(ख) शिवालिक की सूखी नीरस पहाड़ियों पर मुस्कराते हुए ये वृक्ष द्वंद्वातीत हैं, अलमस्त हैं। मैं किसी का नाम नहीं जानता, कुल नहीं जानता, शील नहीं जानता, पर लगता है, ये जैसे मुझे अनादि काल से जानते हैं। इन्हीं में एक छोटा-सा बहुत ही ठिगना-पेड़ है, पत्ते चौड़े भी हैं, बड़े भी हैं। फूलों से तो ऐसा लदा है कि पूछिए नहीं। अजीब-सी अदा है, मुस्कराता जान पड़ता है।

**31.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

आज के युग में मानव का प्रचार-प्रसार का दायरा व्यापक हो चुका है। अतः विज्ञापनों का होना अनिवार्य हो जाता है। किसी अच्छी वस्तु की वास्तविकता से परिचय पाना आज के विशाल संसार में विज्ञापन के बिना असंभव है। विज्ञापन ही वह शक्तिशाली माध्यम है, जो हमारी जरूरत की वस्तुएँ प्रस्तुत करता है, उनकी माँग बढ़ाता है और अंततः हम उन्हें जुटाने चल पड़ते हैं। कोई व्यक्ति या कंपनी जो किसी वस्तु का निर्माण करती है, उसे उत्पादक कहा जाता है। उन वस्तुओं और सेवाओं को खरीदनेवाला उपभोक्ता कहलाता है। विज्ञापन इन दोनों को जोड़ने का कार्य करता है। वह उत्पादक को उपभोक्ता के संपर्क में लाता है तथा माँग और पूर्ति में संतुलन स्थापित करने का प्रयत्न करता है। पुराने जमाने में किसी वस्तु की अच्छाई का विज्ञापन मौखिक तरीके से होता था। उस समय आवश्यकता भी कम होती थी तथा

लोग किसी वस्तु के अभाव की तीव्रता का अनुभव नहीं करते थे। आज संचार क्रांति ने जिंदगी को गति दे दी है। मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ती जा रही हैं। इसीलिए विज्ञापन मानव-जीवन की अनिवार्यता बन गए हैं।

(क) विज्ञापन मानव-जीवन के लिए क्यों अनिवार्य हैं?

(ख) उत्पादक और उपभोक्ता के बीच के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्राचीनकाल में प्रचार-प्रसार का क्या तरीका था?

(घ) प्रचार-प्रसार के साधनों ने विज्ञापनों को किस प्रकार प्रभावित किया है? लगभग *15–20* शब्दों में लिखिए।

(ङ) विज्ञापनों का क्या उद्देश्य है?

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *80–100* शब्दों में लिखिए : 4+4=8

(क) विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार में संचार माध्यमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ख) संचार के मुद्रित माध्यम कौन-कौन से हैं? पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाली बर्फ़बारी को आधार बनाकर एक समाचार लिखिए।

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) आपका नाम आयुषी/आयुष है। आपने कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा किया है। साहित्य भवन प्रकाशन में 'कंप्यूटर ऑपरेटर' का पद रिक्त है। इस पद पर आवेदन हेतु एक पत्र प्रबंधक को भेजने के लिए तैयार कीजिए।

(ख) पत्र और प्रारूपण के बीच के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) नेमी टिप्पण किसे कहते हैं? ये किस प्रयोजन से लिखे जाते हैं?

(ख) आपने अपना घर समान क्षेत्र में एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में लिया है। पुराने पते पर आने वाली डाक को नए पते पर देने का अनुरोध करते हुए डाकपाल महोदय को पत्र लिखिए।

★ ★ ★